## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: निम्नलिखित में से किस शासक के काल में साहिबराम ने 'आदमकद चित्र' बनाने की परम्परा की शुरुआत की ?

**Options:**

A. अनिरुद्ध सिंह, बूँदी

B. रामसिंह, कोटा

C. विनयसिंह, अलवर

D. ईश्वरी सिंह, जयपुर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ईश्वरी सिंह, जयपुर

**2.**

Question: निम्न में से कहाँ 'कांठल उत्सव' आयोजित किया जाता है ?

**Options:**

A. बाँसवाड़ा

B. बीकानेर

C. चित्तौड़गढ़

D. प्रतापगढ़

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: प्रतापगढ़

**3.**

Question: निम्न में से कौन सी रस्म मृत्यु के दुख से सम्बन्धित नहीं है ?

**Options:**

A. ढुकाव

B. बखेर

C. आघेटा

D. सातरवाड़ा

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: आघेटा

**4.**

Question: पं. देबी प्रसाद द्वारा 'राज प्रशस्ति' का किस भाषा में अनुवाद किया गया था ?

**Options:**

A. संस्कृत

B. फ़ारसी

C. राजस्थानी

D. उर्दू

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: फ़ारसी

**5.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा 'ख्याल' का एक रूप नहीं है ?

**Options:**

A. रासधारी

B. गाहा

C. सांग

D. टप्पा

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: टप्पा

**6.**

Question: राजस्थान के निम्नलिखित में से किस राज्यपाल ने राजस्थान विधानसभा में सर्वाधिक बार अभिभाषण दिया ?

**Options:**

A. श्री बलिराम भगत

B. श्री गुरुमुख निहालसिंह

C. श्री ओ.पी. मेहरा

D. डॉ. सम्पूर्णानंद

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: श्री ओ.पी. मेहरा

**7.**

Question: राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. वे महाराष्ट्र विधानसभा के छह बार विधायक रह चुके हैं।

B. इन्हें 2014 में महाराष्ट्र विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया ।

C. वे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं।

D. उन्होंने 30 जून, 2024 को राजस्थान के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया ।

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उन्होंने 30 जून, 2024 को राजस्थान के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया।

**8.**

Question: राजस्थान कार्यविधि नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से मामले आदेश जारी किये जाने के पूर्व मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किये जायेंगे ?
(A) व्यक्तियों को विचारण के बिना निरुद्ध रखने हेतु भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 (4) (क) के अधीन सलाहकार बोर्ड का गठन।
(B) ऐसे मामले, जो मृत्युदण्ड प्राप्त व्यक्तियों द्वारा या उनकी ओर से दया याचिका से सम्बन्धित हैं।
(C) समस्त प्रक्रमों पर गैर-सरकारी विधेयकों के लिए सरकारी नीति का अवधारण।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. (A), (B) और (C)
B. केवल (A) और (B)
C. केवल (A) और (C)
D. केवल (B) और (C)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) और (C)

**9.**

Question: पी. सत्यनारायण राव समिति की सिफारिशों के आधार पर राजस्थान लोक सेवा आयोग का कार्यालय जयपुर से अजमेर कब स्थानांतरित किया गया ?

**Options:**

A. 1958
B. 1965
C. 1970
D. 1972
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1958

**10.**

Question: राजस्थान के निम्नांकित मुख्य सचिवों पर विचार कीजिए तथा उन्हें उनके कार्यकाल के अनुसार कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।
I. सी.एस. राजन
II. ऊषा शर्मा
III. निरंजन कुमार आर्य
IV. सी.के. मैथ्यू
कूट :

**Options:**

A. IV, II, III, I
B. I, IV, III, II
C. IV, I, III, II
D. I, IV, II, III
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: IV, I, III, II

**11.**

Question: राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 33 में आयोग को वैधानिक गारंटी प्रदान की गई है।
(ii) आयोग की अपनी एक जाँच एजेंसी है जिसका प्रमुख महानिरीक्षक के पद से नीचे का पुलिस अधिकारी नहीं होता है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) और न ही (ii)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (ii)

**12.**

Question: राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
धारा (ग्राम सभा से सम्बन्धित)
विषय-वस्तु
(1) 8-क - ग्राम सभा और उसकी बैठकें
(2) 8-ख - गणपूर्ति
(3) 8-ग - ग्राम सभा के कृत्य
(4) 8-घ - संकल्प
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**Options:**

A. 8-क - ग्राम सभा और उसकी बैठकें
B. 8-ख - गणपूर्ति
C. 8-ग - ग्राम सभा के कृत्य
D. 8-घ - संकल्प
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 8-घ - संकल्प

**13.**

Question: राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 को किस वर्ष में संशोधित कर राजस्थान पंचायत समिति और जिला परिषद सेवा के गठन का प्रावधान किया गया ?

**Options:**

A. 2020

B. 2021

C. 2022

D. 2023

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 2023

**14.**

Question: निम्नांकित में किस राजस्थान राज्य विधानसभा का सबसे छोटा कार्यकाल रहा ?

**Options:**

A. चौथी

B. पाँचवीं

C. आठवीं

D. नवीं

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नवीं

**15.**

Question: भारत के संविधान के संशोधन के अनुसमर्थन के संदेश के संबंध में राजस्थान विधानसभा में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) यदि अध्यक्ष द्वारा, जब सदन सत्र में हो, संसद के किसी सदन से संविधान के अनुच्छेद 368 के परंतुक के अधीन संविधान के किसी संशोधन के अनुसमर्थन के लिए संदेश प्राप्ति हो, तो वह इसके प्राप्त होने के पश्चात् शीघ्रातिशीघ्र सदन को सन्देश की सूचना देगा और उसे सदन के पटल पर रखेगा ।
(ii) प्रमुख शासन सचिव, संदेश प्राप्ति के पश्चात् यथासाध्य शीघ्र और प्रत्येक स्थिति में इसके प्राप्त होने की तारीख से तीन दिन के भीतर उसकी एक प्रति राज्य सरकार को भेजेगा ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (i) और (ii) दोनों

D. न तो (i) और न ही (ii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i)

**16.**

Question: राजस्थान लोकतंत्र के सेनानी सम्मान विधेयक 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें :
कथन A : इस विधेयक में, "आपातकाल अवधि" का अर्थ 25 जून, 1975 से प्रारंभ होकर 21 मार्च, 1977 तक की कालावधि है।
कथन B : "लोकतंत्र के सेनानियों" का अर्थ राजस्थान के मूल निवासी व्यक्ति हैं और जिन्होंने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से लड़ाई लड़ी और जो इस आपातकाल अवधि के दौरान किसी भी समय किसी भी अवधि के लिए राजनीतिक या सामाजिक या अन्य आधार पर जेल या पुलिस थाने में निरुद्ध रहे थे ।

**Options:**

A. कथन A और B दोनों सत्य हैं।

B. केवल कथन A सत्य है ।

C. केवल कथन B सत्य है ।

D. कथन A और B दोनों गलत हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कथन A और B दोनों सत्य हैं।

RajTest

**17.**

Question: हाल ही में राजस्थान के बजट 2025-26 में "मुख्यमंत्री युवा रोज़गार प्रोत्साहन योजना" प्रारंभ करने की घोषणा की गई है । इसमें पात्र युवाओं को एकबारीय सहायता के रूप में दी जाने वाली राशि है :

**Options:**

A. ₹75 हज़ार

B. ₹ 50 हज़ार

C. ₹ 20 हज़ार

D. ₹ 10 हज़ार

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ₹ 10 हज़ार

**18.**

Question: मार्च 2025 में, राजस्थान का पहला स्टील बर्तन बैंक विधिवत रूप से कहाँ आरंभ हुआ है ?

**Options:**

A. खैराबाद पंचायत समिति, रामगंज मंडी

B. गोविंदगढ़ पंचायत समिति, जयपुर

C. किशनगढ़ बास पंचायत समिति, अलवर

D. गोगुंदा पंचायत समिति, उदयपुर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: खैराबाद पंचायत समिति, रामगंज मंडी

**19.**

Question: राजस्थान के सरकारी क्षेत्र का पहला रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट कहाँ किया गया ?

**Options:**

A. एम्स, जोधपुर

B. आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर

C. एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर

D. सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर

**20.**

Question: निम्न में से किन संस्थानों के सहयोग से 19 से 21 मार्च के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव 2025 का आयोजन किया गया ?

**Options:**

A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी तथा अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा पर्यावरण और स्थिरता सोसाइटी

B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर

C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा पर्यावरण और स्थिरता सोसाइटी तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर

D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद तथा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी तथा अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा पर्यावरण और स्थिरता सोसाइटी

**21.**

Question: राजस्थान के बजट 2025-26 में, "पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना" क्रियान्वित किए जाने की घोषणा की गई है । इस योजना की अवधि होगी -

**Options:**

A. 10 वर्ष

B. 7 वर्ष

C. 5 वर्ष

D. 3 वर्ष

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 5 वर्ष

**22.**

Question: हाल ही में 8 मार्च 2025 को, एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग, नई दिल्ली द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को कितनी श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए हैं ?

**Options:**

A. एक श्रेणी में विजेता एवं दो श्रेणियों में रनर-अप ।

B. तीन श्रेणियों में रनर-अप ।

C. तीन श्रेणियों में विजेता ।

D. दो श्रेणियों में विजेता एवं एक श्रेणी में रनर-अप ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एक श्रेणी में विजेता एवं दो श्रेणियों में रनर-अप ।

**23.**

Question: पद्म श्री पुरस्कार 2025 विजेताओं के लिए सही विकल्प चुनकर कॉलम-I और कॉलम-II का मिलान करें :
कॉलम-I
(राजस्थान से पद्म श्री विजेताओं के नाम)
(A) बैजनाथ महाराज
(B) बेगम बैतूल
(C) शीन काफ़ निज़ाम (शिव किशन बिस्सा)
कॉलम-II
(उनका क्षेत्र)
(i) साहित्य और शिक्षा
(ii) कला
(iii) आध्यात्मिकता
कूट :

**Options:**

A. (i) (ii) (iii)

B. (ii) (iii) (i)

C. (iii) (i) (ii)

D. (iii) (ii) (i)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (iii) (ii) (i)

**24.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी प्रतिभाशाली बच्चों की एक विशेषता नहीं है ?

**Options:**

A. तर्क करने की क्षमता

B. सामान्यीकरण करने की अधिक क्षमता

C. जो वे सीखते हैं उसे अधिक अभ्यास से याद रखना

D. कारण-प्रभाव संबंधों की खोज

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जो वे सीखते हैं उसे अधिक अभ्यास से याद रखना

**25.**

RajTest

Question: निम्नलिखित में से अन्तर्वैयक्तिक विभिन्नता का उदाहरण कौन सा है ?

**Options:**

A. एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति की अपेक्षा अधिक लम्बा व बुद्धिमान होना ।

B. एक व्यक्ति का पढ़ने में अच्छा होना परन्तु खेल में उतना अच्छा न होना ।

C. एक व्यक्ति किसी तथ्य को लिखकर अच्छा व्यक्त कर सकता है परन्तु बोलकर ठीक से व्यक्त नहीं कर सकता ।

D. एक व्यक्ति लोगों के चेहरों को आसानी से याद रख सकता है परन्तु नाम भूल जाता है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति की अपेक्षा अधिक लम्बा व बुद्धिमान होना ।

**26.**

Question: एक छात्र में गणितीय समस्याओं पर कार्य करने की स्थायी प्रवृत्ति है और वह उसमें आनंद लेता है । यह किसका उदाहरण है ?

**Options:**

A. अभिक्षमता का

B. व्यक्तिगत अभिरुचि का

C. परिस्थितिजन्य अभिरुचि का

D. बुद्धिमत्ता का

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: व्यक्तिगत अभिरुचि का

**27.**

Question: एक शिक्षक में उपयुक्त परिस्थितियों में शिक्षण में प्रवीणता प्राप्त करने की विशिष्ट योग्यता है । यह इंगित करता है :

**Options:**

A. शिक्षण के लिये सामान्य योग्यता को

B. शिक्षण के लिये अभिक्षमता को

C. शिक्षण के लिये अभिप्रेरणा को

D. शिक्षण में अभिरुचि को

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: शिक्षण के लिये अभिक्षमता को

**28.**

Question: राजस्थान में निम्नलिखित में से किस बालूका स्तूप को जीवावशेष बालूका स्तूप माना जाता है ?

**Options:**

A. अवरोधी

B. बरखान

C. अनुदैर्ध्य

D. अनुप्रस्थ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अवरोधी

**29.**

Question: निम्नलिखित में से किन तीन नदियों के संगम को "त्रिवेणी" कहा जाता है ?

**Options:**

A. सोम, आहू, बाँडी

B. बनास, मैनाल, बेड़च

C. मोरेल, मैनाल, गम्भीरी

D. बनास, कोठारी, मोरेल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बनास, मैनाल, बेड़च

**30.**

Question: उष्ण एवं अर्द्ध-उष्णकटिबंधीय स्टेपी तुल्य जलवायु BShw निम्न में से किस जिलों के समूह में पायी जाती है ?

**Options:**

A. बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर

B. जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर

C. जयपुर, अलवर, भरतपुर

D. पाली, सीकर, झुन्झुनूं

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पाली, सीकर, झुन्झुनूं

**31.**

Question: 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, राजस् थान के कुल वन क्षेत्रफल वाले सर्वोच्च तीन जिले थे, :

**Options:**

A. उदयपुर, अलवर, बारां

B. उदयपुर, बारां, प्रतापगढ़

C. उदयपुर, अलवर, चित्तौड़गढ़

D. उदयपुर, बारां, करौली

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उदयपुर, बारां, करौली

**32.**

Question: माही और बनास बेसिन में निम्नलिखित में से कौन सी फसल सर्वाधिक मात्रा में पैदा की जाती है ?

**Options:**

RajTest

A. सोयाबीन
B. ज्वार
C. मक्का
D. ग्वार
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मक्का

**33.**

Question: पशुगणना-2019 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
भारत में राजस्थान का
पशुधन प्रतिशत

**Options:**

A. बकरियाँ 12.05%
B. भेड़ें 10.64%
C. ऊँट 84.43%
D. भैंसें 12.47%
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बकरियाँ 12.05%

**34.**

Question: राजस्थान में सन् 2001-2011 के मध्य सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर वाले जिलों का युग्म कौन सा है ?

**Options:**

A. पाली, सिरोही
B. श्रीगंगानगर, झुन्झुनूं
C. टोंक, बीकानेर
D. हनुमानगढ़, चुरू
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: श्रीगंगानगर, झुन्झुनूं

**35.**

Question: जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
जिले बाल लिंगानुपात (राजस्थान) (0 से 6 वर्ष की आयु)

**Options:**

A. बाँसवाड़ा 934
B. प्रतापगढ़ 933
C. उदयपुर 926
D. भीलवाड़ा 828
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भीलवाड़ा 828

**36.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
ऊनी वस्त्र मिल्स जिला

**Options:**

A. स्टेट वूलन मिल्स बीकानेर
B. वस्टेंड स्पिनिंग मिल्स चुरू
C. वस्टेंड स्पिनिंग मिल्स पाली
D. विदेश आयात-निर्यात संस्थान कोटा
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: वस्टेंड स्पिनिंग मिल्स पाली

**37.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :
सूची-I सूची-II
(पर्यटक स्थल) (जिला)
A. गेटोर I. उदयपुर
B. जग मन्दिर II. बूंदी
C. सूरज छतरी III. अजमेर
D. नथमल की हवेली IV. जयपुर
E. सोनी जी की नसियाँ V. जैसलमेर

**Options:**

A. III I II IV V
B. IV I II VIII
C. I II III IV V
D. III I II V IV
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुत्तरित प्रश्न

**38.**

Question: कालीबंगा के घरों में जल-निकास व्यवस्था में नालियों के निर्माण में निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता था ?
A. लकड़ी
B. पक्की ईंट
C. पत्थर

**Options:**

A. केवल A
B. केवल B
C. A और B
D. B और C
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A और B

**39.**

Question: आहड़ सभ्यता के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनिए :
A. आहड़वासी खेती करना जानते थे ।
B. आहड़वासी कपड़ों की छपाई व रंगाई से परिचित थे ।

**Options:**

A. केवल A सत्य है ।

B. केवल B सत्य है ।

C. A व B दोनों सत्य हैं ।

D. A व B दोनों असत्य हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A व B दोनों सत्य हैं ।

**40.**

Question: मण्डोर के प्रतिहारों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. हरिश्चन्द्र "रोहिलद्धि" के नाम से जाने जाते थे।

B. रज्जिल से मण्डोर के प्रतिहारों की वंशावली प्रारम्भ होती है ।

C. नागभट्ट प्रथम मण्डोर से मेड़ता राजधानी ले गया था ।

D. भोगभट्ट ने वल्लदेश के शासक देवराज भाटी को परास्त किया था ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भोगभट्ट ने वल्लदेश के शासक देवराज भाटी को परास्त किया था ।

**41.**

Question: कुमारपाल चालुक्य से नाडोल, चित्तौड़ व जालौर को किस चौहान राजा ने जीता था ?

**Options:**

A. अर्णोराज

B. अजयराज

C. विग्रहराज तृतीय

D. विग्रहराज चतुर्थ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: विग्रहराज चतुर्थ

**42.**

Question: महाराणा सांगा ने बयाना का दुर्ग बाबर के निम्न में से किस गवर्नर से जीता था ?

**Options:**

A. मीर बाकी

B. बैरम खान

C. मुस्तफ़ा

D. मेहँदी ख्वाज़ा

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मेहँदी ख्वाज़ा

**43.**

Question: राणा हम्मीर ने चित्तौड़गढ़ पर निम्न में से किस सुल्तान के शासनकाल में अधिकार किया था ?

**Options:**

A. अलाउद्दीन खलजी

B. कैकुबाद

C. मुहम्मद बिन तुगलक

D. सिकन्दर लोदी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मुहम्मद बिन तुगलक

**44.**

Question: निम्न में से कौन सिवाना में राव चंद्रसेन के विरुद्ध मुगल अभियान में सम्मिलित नहीं था ?

**Options:**

A. केशोदास

B. जगतराम

C. रायसिंह

D. कल्ला

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कल्ला

**45.**

Question: महाराणा राजसिंह के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनिए :
A. औरंगज़ेब की ताजपोशी पर राजसिंह ने उपहार भेजे ।
B. औरंगज़ेब ने डूंगरपुर राजसिंह को लौटा दिया ।

**Options:**

A. केवल A सत्य है।

B. केवल B सत्य है ।

C. A व B दोनों सत्य हैं ।

D. A व B दोनों असत्य हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A व B दोनों सत्य हैं ।

**46.**

Question: निम्न में से किस राज्य के शासक राणा पृथ्वी सिंह को तांत्या टोपे ने गिरफ्तार किया था ?

**Options:**

RajTest

A. झालावाड़
B. डूंगरपुर
C. बाँसवाड़ा
D. प्रतापगढ़
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: झालावाड़

**47.**

Question: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में सर्वप्रथम अजमेर द्वारा राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था ?

**Options:**

A. बम्बई अधिवेशन, 1885 ई.
B. इलाहाबाद अधिवेशन, 1888 ई.
C. मद्रास अधिवेशन, 1887 ई.
D. कलकत्ता अधिवेशन, 1886 ई.
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: इलाहाबाद अधिवेशन, 1888 ई.

**48.**

Question: राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम में निम्नलिखित बलिदानियों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
A. जोधपुर के बालमुकुन्द बिस्सा की शहादत
B. बीकानेर के बीरबल सिंह की शहादत
C. जैसलमेर के सागरमल गोपा की शहादत

**Options:**

A. A, B, C
B. C, A, B
C. B, A, C
D. A, C, B
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A, C, B

**49.**

Question: "ऊपरमाल को डंको" नामक समाचार-पत्र का संपादन "नगारची" नाम से निम्न में से कौन करता था ?

**Options:**

A. साधु सीतारामदास
B. विजय सिंह पथिक
C. माणिक्य लाल वर्मा
D. मन्नाजी पटेल
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: विजय सिंह पथिक

**50.**

Question: राजस्थान के एकीकरण से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए :
A. 1950 ई. में सिरोही राज्य का दो भागों में विभाजन कर दिया गया ।
B. 1950 ई. में सिरोही राज्य की आबू रोड एवं दिलवाड़ा तहसील बंबई प्रान्त में मिला दी गई थीं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिये :

**Options:**

A. केवल A सही है ।
B. केवल B सही है।
C. A और B दोनों सही हैं।
D. A और B दोनों गलत हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A और B दोनों सही हैं।

**51.**

Question: निम्नलिखित राजवंशों को उनकी कुलदेवियों के साथ सुमेलित कीजिए :
राजवंश कुलदेवियाँ
A. चौहान I. चिलाय
B. तँवर II. खीमज
C. सोलंकी III. आशापुरा
D. दहिया IV. कैवाय
सही कूट का चयन कीजिए :

**Options:**

A. II IV I III
B. IV II III I
C. III I II IV
D. I III IV II
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: III I II IV

**52.**

Question: निम्न में से किस दुर्ग में 'नवलबान' नामक तोप अवस्थित थी ?

**Options:**

A. शाहबाद
B. कुम्भलगढ़
C. माण्डलगढ़
D. गागरोण
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: शाहबाद

**53.**

RajTest

Question: भारत के संविधान के अनुसार, यदि कोई प्रश्न उठता है कि संसद के किसी भी सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 102 के खंड (1) में उल्लिखित किसी भी अयोग्यता के अधीन हो गया है या नहीं, तो इस प्रश्न को निर्णय के लिए किसके पास भेजा जाएगा ?

**Options:**

A. राष्ट्रपति

B. लोकसभा अध्यक्ष

C. भारत का निर्वाचन आयोग

D. विधि और न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: राष्ट्रपति

**54.**

Question: प्रधानमंत्री के निधन या त्यागपत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) त्यागपत्र की स्थिति में, राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक पद पर बने रहने के लिए कह सकते हैं ।
(ii) निधन की स्थिति में, जब तक लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल अपना नया नेता नहीं चुन लेता तब तक राष्ट्रपति ऐसे व्यक्ति को नियुक्त कर सकते हैं, जो लोकसभा में सर्वाधिक समर्थन जुटा सकने की शक्ति में हो ।
(iii) निधन की स्थिति में, राष्ट्रपति निवर्तमान मंत्रिपरिषद् के वरिष्ठतम सदस्य को अंतरिम उपाय के तौर पर प्रधानमंत्री नियुक्त भी कर सकते हैं ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i) और (ii)

B. केवल (ii) और (iii)

C. केवल (i) और (iii)

D. (i), (ii) और (iii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (i), (ii) और (iii)

**55.**

Question: 'लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत 'राजनैतिक दलों द्वारा प्राप्त संदान की घोषणा' का उल्लेख किया गया है ?

**Options:**

A. 29

B. 29क

C. 29ख

D. 29ग

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 29ग

**56.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) का सम्बद्ध संगठन नहीं है ?

**Options:**

A. अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन

B. (एआईओई)

C. भारतीय उद्योग संगठन (ओआईआई)

D. भारतीय खाद्य व्यापार एवं उद्योग परिसंघ

E. (सीआईएफटीआई)

F. भारतीय मध्यस्थता परिषद (आईसीए)

G. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भारतीय उद्योग संगठन (ओआईआई)

**57.**

Question: भारत गणराज्य और सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ (यूएसएसआर) के मध्य शान्ति, मैत्री और सहयोग सन्धि से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) इस पर मास्को में 12 जुलाई, 1971 को हस्ताक्षर किए गये थे।
(II) सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ (यूएसएसआर) की तरफ से इस सन्धि पर ए.ए. ग्रोमिको ने हस्ताक्षर किए थे ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) एवं (II) दोनों सही हैं

D. न तो (I), न ही (II) सही है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) सही है ।

**58.**

Question: नेहरू युग में भारतीय विदेश नीति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) अगस्त 1948 में भारत और भूटान के बीच 'स्थायी शांति और मित्रता की संधि' पर हस्ताक्षर किए गए थे ।
(ii) भूटान की पहली पंचवर्षीय योजना 1961 में शुरू की गई थी, जिसका 100%

वित्तपोषण भारत द्वारा किया गया था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) और न ही (ii)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (ii)

**59.**

Question: निम्नलिखित में से किस वर्ष से भारत ने गोलान हाइट्स में संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना मिशन (अभियान) (यूएनडीओएफ) में अपना योगदान देना प्रारंभ किया है ?

**Options:**

A. 2004
B. 2005
C. 2006
D. 2007
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 2006

**60.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) ग्लोकलाइज़ेशन समकालीन सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रणालियों में सार्वभौमिकीकरण और विशिष्टीकरण दोनों प्रवृत्तियों का एक साथ घटित होना है।
(ii) यह शब्द, ग्लोबलाइज़ेशन (वैश्वीकरण) और लोकलाइज़ेशन (स्थानीयकरण) का एक भाषाई मिश्रण है, जिसे समाजशास्त्री रोलैंड रॉबर्टसन द्वारा गढ़ा और लोकप्रिय बनाया गया था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i)
B. केवल (ii)
C. (i) और (ii) दोनों
D. न तो (i) और न ही (ii)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (i) और (ii) दोनों

**61.**

Question: शिक्षा मनोविज्ञान के कार्यक्षेत्रानुसार, निम्नलिखित में से कौन सी अधिगम प्रक्रिया अत्यन्त महत्वपूर्ण है किन्तु प्रत्यक्षतः अवलोकनीय नहीं है ?

**Options:**

A. लिखना
B. बातचीत करना
C. प्रत्यक्षीकरण करना
D. परिचर्चा करना
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: प्रत्यक्षीकरण करना

**62.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षा मनोविज्ञान की विशेषताओं से सम्बन्धित नहीं है ?

**Options:**

A. शिक्षा मनोविज्ञान का उद्देश्य मानव व्यवहार
B. में सुधार लाना है।
C. शिक्षा मनोविज्ञान के अन्तर्गत सामान्य
D. मनोविज्ञान के मूलभूत सम्प्रत्ययों, सिद्धांतों
E. एवं विधियों का उपयोग किया जाता है।
F. शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं
G. है।
H. शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थिति में
I. मानव व्यवहार का अध्ययन करता है
J. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक नहीं है।

**63.**

Question: जीवन-काल विकास सिद्धान्त के अनुसार "पहचान बनाम पहचान भ्रम" किस विकासात्मक अवधि की विशेषता है ?

**Options:**

A. प्रारंभिक वयस्कावस्था (वयस्कता)
B. मध्य बाल्यावस्था
C. प्रारंभिक बाल्यावस्था
D. किशोरावस्था
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: किशोरावस्था

**64.**

Question: नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए और विकल्पों से उत्तर चुनिए :
A. शिक्षक, परिवार और सहपाठी छात्र के विकास के संदर्भ का हिस्सा होते हैं।

RajTest

B. संदर्भ वह आंशिक स्थिति होती है जो किसी व्यक्ति के विचारों, भावनाओं और क्रियाओं को घेरती और प्रभावित करती है ।

**Options:**

A. A और B दोनों सही हैं।
B. A सही है और B गलत है।
C. A गलत है और B सही है।
D. A और B दोनों गलत हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: A सही है और B गलत है।

**65.**

Question: पियाजे के सिद्धान्त में, अलग-अलग व्यवहारों और विचारों को एक उच्च स्तर की प्रणाली में समूहबद्ध करने की प्रक्रिया कहलाती है :

**Options:**

A. स्कीमा
B. समावेशन (आत्मसात्करण)
C. संगठन
D. समायोजन
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: संगठन

**66.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा कथन वाइगोत्सकी के सामाजिक रचनावाद (निर्मितिवाद) सिद्धान्त के संदर्भ में सही नहीं है ?

**Options:**

A. बालक निजी संभाषण का उपयोग करके
B. अपने व्यवहार को नियंत्रित कर सकता है ।
C. हमारी विशेष मानसिक संरचनाएँ और
D. प्रक्रियाएँ दूसरों के साथ अन्तःक्रिया से
E. स्वतन्त्र होती हैं ।
F. तर्क करने और समस्या समाधान करने जैसी
G. मानसिक प्रक्रियाएँ मनोवैज्ञानिक उपकरणों
H. द्वारा संचालित होती हैं।
I. बालकों की स्वयं से बातचीत उनके सोचने
J. और क्रियाओं का मार्गदर्शन करती है ।
K. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: हमारी विशेष मानसिक संरचनाएँ और प्रक्रियाएँ दूसरों के साथ अन्तःक्रिया से स्वतन्त्र होती हैं ।

**67.**

Question: स्वचालित प्रतिक्रियाओं का नए उद्दीपक से संबंध कहलाता है :

**Options:**

A. शास्त्रीय अनुबन्धन
B. अन्तर्दृष्टि अधिगम
C. क्रियाप्रसूत अनुबन्धन
D. विलोपन
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: शास्त्रीय अनुबन्धन

**68.**

Question: मनोविज्ञान में विभिन्न विचारों के सम्प्रदायों (स्कूलों) द्वारा अधिगम पर हुए अनुसंधानों के नुसार, अधिगम के सम्प्रत्यय (अवधारणा) की व्याख्या निम्नलिखित रूप में की जाती है :
(a) अधिगम प्रतिक्रिया अभिग्रहण के रूप में
(b) अधिगम सक्रिय मानसिक प्रक्रिया द्वारा ज्ञान अभिग्रहण के रूप में
(c) अधिगम ज्ञान निर्माण के रूप में
इन तीनों में से कौन से अधिगम के संज्ञानात्मक परिप्रेक्ष्य को दर्शाते हैं ?

**Options:**

A. (a) और (b)
B. (a) और (c)
C. (a), (b) और (c)
D. (b) और (c)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (b) और (c)

**69.**

Question: ऑलपोर्ट और कैटल का व्यक्तित्व सिद्धान्त आधारित है

**Options:**

A. प्रकार (टाइप) उपागम पर
B. गुण उपागम पर
C. मानवतावादी उपागम पर
D. मनोविश्लेषणात्मक उपागम पर
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: गुण उपागम पर

**70.**

Question: असंतोष, तनाव, कुण्ठा एवं द्वन्द्व को कम करके समायोजन स्थापित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी प्रत्यक्ष विधियाँ हैं ?
(a) बाधा निराकरण

(b) शोधन (उदात्तीकरण)
(c) तादात्म्य स्थापित करना
(d) मार्गान्तरीकरण
सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये :
कूट :

**Options:**

A. (a) व (b) सही हैं।
B. (b) व (c) सही हैं।
C. (a) व (d) सही हैं।
D. (b) व (d) सही हैं।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (a) व (d) सही हैं।

**71.**

Question: एक छात्र ने पढ़ाई में असफल होने पर एक अच्छा गायक बनकर उच्च सफलता व प्रसिद्धि प्राप्त करके अपने आप को संतुष्ट कर लिया । छात्र ने जिस समायोजन तंत्र का उपयोग किया, उसे कहा जाता है :

**Options:**

A. प्रतिगमन
B. यौक्तिकीकरण
C. विस्थापन
D. क्षतिपूर्ति
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: क्षतिपूर्ति

**72.**

Question: निम्नलिखित में से बुद्धि का कौन सा प्रकार शाब्दिक तथा गणितीय संकेतों को समझने व प्रयोग करने की योग्यता से सम्बन्धित है ?

**Options:**

A. स्थूल (मूर्त) बुद्धि
B. सामाजिक बुद्धि
C. अमूर्त बुद्धि
D. व्यावहारिक बुद्धि
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अमूर्त बुद्धि

**73.**

Question: सांवेगिक बुद्धि के वैयक्तिक तत्व के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन से तत्व सम्मिलित होते हैं ?
(a) आत्म अभिप्रेरणा
(b) अपने संवेगों से अवगत होना
(c) परानुभूति
(d) संबंधों को संचालित करना
सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये :
कूट :

**Options:**

A. (a) तथा (b)
B. (c) तथा (d)
C. (a), (c) तथा (d)
D. (b) तथा (c)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (a) तथा (b)

**74.**

Question: सृजनात्मक प्रक्रिया का सही क्रम है :

**Options:**

A. तैयारी → अंतर्दृष्टि → अंतः संचयन →
B. मूल्यांकन → विस्तार
C. तैयारी → मूल्यांकन अंतः संचयन →
D. अंतर्दृष्टि → विस्तार
E. तैयारी → अंतःसंचयन → अंतर्दृष्टि →
F. मूल्यांकन → विस्तार
G. तैयारी → अंतःसंचयन → अंतर्दृष्टि →
H. विस्तार → मूल्यांकन
I. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: तैयारी → अंतःसंचयन → अंतर्दृष्टि → मूल्यांकन → विस्तार

**75.**

Question: एक छात्र एक परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत इसलिए करता है क्योंकि उसे पाठ्यक्रम की सामग्री में आनंद आता है। यह किसका उदाहरण है ?

**Options:**

A. बाह्य अभिप्रेरणा
B. आंतरिक अभिप्रेरणा
C. अभिप्रेरणा का अभाव
D. व्यक्ति-पर्यावरण उपयुक्तता
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: आंतरिक अभिप्रेरणा

**76.**

Question: जब कोई व्यक्ति निष्पादन (प्रदर्शन) को व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए साधन के रूप में देखता है, तो इसे क्या कहा जाता है ?

RajTest

**Options:**

A. उपलब्धि अभिप्रेरक

B. मातृत्व अभिप्रेरक

C. आक्रामक अभिप्रेरक

D. संबद्ध अभिप्रेरक

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उपलब्धि अभिप्रेरक

**77.**

Question: फरवरी 2025 में आयोजित सी.एस. चैलेंजर कप बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही विकल्प चुनिए :
कथन A : राजस्थान लेखा सेवा महिला टीम ने फाइनल में चिकित्सा सेवा टीम को 4-3 से हराकर लगातार तीसरे साल यह ट्रॉफी जीती ।
कथन B : यह सी.एस. चैलेंजर कप बैडमिंटन प्रतियोगिता का चौथा संस्करण था ।

**Options:**

A. कथन A और B दोनों सत्य हैं ।

B. केवल कथन A सत्य है ।

C. केवल कथन B सत्य है ।

D. कथन A और B दोनों असत्य हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कथन A और B दोनों असत्य हैं ।

**78.**

Question: मार्च 2025 में थाईलैण्ड में आयोजित हुए एएफसी बीच सॉकर एशियन कप में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने हिस्सा लिया ?

**Options:**

A. अमित जैन

B. अमित गोदरा

C. अमित कोठारी

D. अमित राठौड़

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अमित गोदरा

**79.**

Question: सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची-I
(महासागर)
A. उत्तरी अटलाण्टिक
B. पश्चिमी प्रशान्त
C. हिंद महासागर
D. दक्षिणी अटलाण्टिक
सूची-II
(द्वीप)
i. डिगो गार्शिया
ii. सेण्ट हेलेना
iii. किरीबाती
iv. अज़ोर्स
कूट :
A B C D

**Options:**

A. ii i iv iii

B. ii iv iii i

C. iv iii i ii

D. iii iv ii i

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: iv iii i ii

**80.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :
सूची-I
(स्थानीय पवनें)
A. चिनूक
B. मिस्ट्राल
C. खमसिन
D. बोरा
E. ब्लिजार्ड
सूची-II
(देश)
I. फ्रांस
II. इटली
III. साइबेरिया
IV. यूएसए
V. मिस्र
कूट :
A B C D E

**Options:**

A. IV I VII III

B. I II III IV V

C. IV I VIII II

D. V IV III II I

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुत्तरित प्रश्न

**81.**

Question: यू एन वर्ल्ड पॉप्युलेशन प्रॉसपेक्टस रिपोर्ट-2024 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले शीर्ष पाँच देशों में सम्मिलित नहीं है ?

**Options:**

RajTest

A. यू एस ए

B. इण्डोनेशिया

C. पाकिस्तान

D. बांग्लादेश

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बांग्लादेश

**82.**

Question: सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची-I
(यू एन सम्मेलन)
A. COP 26
B. COP 27
C. COP 28
D. COP 29
सूची-II
(शहर)
i. शर्म अल-शेख
ii. बाकू
iii. दुबई
iv. ग्लासगो
कूट :
A B C D

**Options:**

A. iv i ii iii

B. iv i iii ii

C. iii ii iv i

D. i iii ii iv

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: iv i iii ii

**83.**

Question: यू एन वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉसेपक्टस रिपोर्ट-2024 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने 1990-2024 के दौरान सर्वाधिक अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों की मेज़बानी की ?

**Options:**

A. यूरोप

B. उत्तरी अमेरिका

C. उत्तरी अफ्रीका और पश्चिमी एशिया

D. पूर्वी और दक्षिणी-पूर्वी एशिया

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यूरोप

**84.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा प्रायद्वीपीय भारतीय पठार का भाग नहीं है ?

**Options:**

A. कार्बी-एंगलोंग पठार

B. उत्तरी कचार पहाड़ियाँ

C. छोटा नागपुर पठार

D. बेरिल पहाड़ियाँ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बेरिल पहाड़ियाँ

**85.**

Question: हिन्द महासागर द्विध्रुव (IOD) सम्बन्धित है :

**Options:**

A. हिन्द महासागर में सुनामी भविष्यवाणी से

B. हिन्द महासागर में चक्रवातीय चेतावनी से

C. भारतीय मानसून की भविष्यवाणी से

D. भारतीय प्लेट के ध्रुवीय व्युत्क्रमण से

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भारतीय मानसून की भविष्यवाणी से

RajTest

**86.**

Question: प्रायद्वीपीय भारतीय नदियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. प्रायद्वीपीय नदियों के अपवाह बेसिन तुलनात्मक रूप से आकार में छोटे हैं ।

B. पश्चिमी घाट प्रायद्वीपीय भारत का प्रमुख जल विभाजक है ।

C. नर्मदा और तापी नदियाँ अरब सागर में ज्वारनदमुख का निर्माण करती हैं ।

D. कावेरी नदी बंगाल की खाड़ी में ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कावेरी नदी बंगाल की खाड़ी में ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ।

**87.**

Question: भारत में वेलांचली/अनूप वनों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. यह वन मीठे तथा खारे दोनों प्रकार के पानी में पनप सकते हैं ।

B. यह वन पश्चिमी घाट में पाये जाते हैं।

C. यह वन गंगा व ब्रह्मपुत्र नदियों के डेल्टा में सुन्दरबन के नाम से जाने जाते हैं।

D. इन वनों की प्रमुख प्रजातियाँ सुन्दरी, सोनेरेटिया और बुर्गुएरा है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यह वन पश्चिमी घाट में पाये जाते हैं।

**88.**

Question: कौन सा सुमेलित नहीं है ?
(कोयला क्षेत्र) (राज्य)

**Options:**

A. रानीगंज, बाँकुरा - पश्चिम बंगाल

B. झरिया, बोकारो - झारखण्ड

C. सिंगरौली, सोहगपुर - मध्य प्रदेश

D. तलचर, सम्भलपुर - आन्ध्र प्रदेश

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: तलचर, सम्भलपुर - आन्ध्र प्रदेश

**89.**

Question: निम्न में से e-राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) शुरू करने के सन्दर्भ में कौन सा सही है ?
(a) नवाचारित कृषिगत तकनीक को अपनाना
(b) कीमत खोज तंत्र को विकसित करना
(c) कृषकों की आय में सहायता देना

**Options:**

A. केवल (a) तथा (b) सही हैं।

B. केवल (b) तथा (c) सही हैं ।

C. केवल (c) तथा (a) सही हैं।

D. सभी सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (b) तथा (c) सही हैं ।

**90.**

Question: वित्तीय वर्ष 23 में सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) कर्नाटक और महाराष्ट्र मिलकर सभी राज्यों के कुल सेवा क्षेत्र जी.एस.वी.ए. का एक-चौथाई से अधिक योगदान देते है ।
(B) 19 राज्यों का एक समूह सामूहिक रूप से सभी राज्यों के कुल सेवा क्षेत्र जी.एस.वी.ए. का आधे से अधिक योगदान देता है ।
उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (A)

B. केवल (B)

C. (A) व (B) दोनों

D. न तो (A) और न ही (B)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) व (B) दोनों

**91.**

Question: दिसम्बर 2024 के अन्त तक, भारत की कुल संस्थापित क्षमता में, नवीकरणीय ऊर्जा का कितना हिस्सा है ?

**Options:**

A. 40.9%

B. 43.9%

C. 47.1%

D. 45.0%

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 43.9%

**92.**

Question: भारत के वस्त्र और परिधान उद्योग के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार करें :
(A) भारत वैश्विक स्तर पर वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है ।
(B) यह उद्योग सकल घरेलू उत्पाद में 2.3% और निर्यात में 12% का योगदान देता है ।
(C) यह देश का सबसे बड़ा रोज़गार सृजनकर्त्ता क्षेत्र है जिसमें 65 मिलियन से अधिक लोग सीधे रोज़गार पाते हैं।
उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (A) व (C)

B. केवल (B)

C. केवल (A) व (B)

D. (A), (B) एवं (C) सभी सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A) व (B)

**93.**

Question: भारत में ट्रेड-कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. यह निर्यातकों को नये बाज़ारों को जोड़ने में मदद करेगा ।

B. यह भारतीय निर्यातकों के लिये विश्व बाज़ार में अवसरों की पहचान करेगा

C. इस मंच की स्थापना से विश्व बाज़ार में भारत का हिस्सा बढ़ेगा ।

D. ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से यह हमारे आयातकों को त्वरित सूचना प्रदान करेगा ।

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से यह हमारे आयातकों को त्वरित सूचना प्रदान करेगा ।

**94.**

Question: भारत शासन अधिनियम, 1919 के अन्तर्गत, निम्नांकित में से कौन से विषय 'हस्तान्तरण के लिए प्रान्तीय विषयों' की सूची में उल्लेखित हैं ?
(A) धार्मिक एवं धर्मार्थ बन्दोबस्ती
(B) औद्योगिक अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा सहित उद्योगों का विकास
(C) ब्रिटिश भारत में तीर्थ यात्राएँ
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) और (B) सही हैं।

B. केवल (A) और (C) सही हैं।

C. केवल (B) और (C) सही हैं।

D. (A), (B) और (C) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) और (C) सही हैं।

**95.**

Question: भारत सरकार अधिनियम, 1935 के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(i) किसी प्रांत के गवर्नर की नियुक्ति गवर्नर-जनरल दुद्वारा की जाती है ।
(ii) यदि गवर्नर-जनरल, किसी प्रांत के गवर्नर से रिपोर्ट प्राप्त करने पर, संतुष्ट है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें प्रांत की सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती है, तो वह उद्घोषणा दुद्वारा सभी शक्तियों को अपने हाथ में ले सकता है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (i) और (ii) दोनों

D. न तो (i) और न ही (ii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: न तो (i) और न ही (ii)

**96.**

Question: भारत की संविधान सभा के निम्नांकित में से कौन से सत्र में 'प्रिवी काउन्सिल' के अधिकार-क्षेत्र के उत्सादन का निर्णय लिया गया ?

**Options:**

A. आठवें

B. नवें

C. दसवें

D. ग्यारहवें

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नवें

**97.**

Question: प्रथम संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान के भाग 3 में निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद जोड़ा/अंतःस्थापित/प्रतिस्थापित किया गया ?
(i) 15(4)
(ii) 19(2)
(iii) 31क
(iv) 31ख
(v) 32क
(vi) 35 (क)
सही विकल्प चुनें :

**Options:**

A. केवल (i), (ii), (iii) और (iv)

B. केवल (i), (iii), (iv) और (v)

C. केवल (i), (ii), (v) और (vi)

D. केवल (ii), (iii), (iv) और (v)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i), (ii), (iii) और (iv)

**98.**

Question: 'भारतीय झण्डा संहिता 2002' और 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971' भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद से सम्बन्धित है ?

**Options:**

A. अनुच्छेद 51-क (क)

B. अनुच्छेद 51-क (घ)

C. अनुच्छेद 51-क (छ)

D. अनुच्छेद 51-क (ञ)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुच्छेद 51-क (क)

**99.**

Question: भारत के संविधान के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सा राज्य के नीति निदेशक तत्वों (डीपीएसपी) के तहत 'राज्य की एक बाध्यता' है ?

**Options:**

A. सहकारी समितियों का उन्नयन ।

B. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ सम्बन्धी हितों की अभिवृद्धि ।

RajTest

C. राष्ट्रीय महत्व के संस्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण ।

D. पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करना तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करना ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: राष्ट्रीय महत्व के संस्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण ।

**100.**

Question: भारत की संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) राष्ट्रपति का अभिभाषण चूँकि सरकार का नीति वक्तव्य होता है इसलिए सरकार ही इसका मसौदा तैयार करती है । अभिभाषण की विषय-वस्तु के लिए राष्ट्रपति नहीं, बल्कि सरकार जिम्मेदार होती है ।
(II) साधारण निर्वाचन के पश्चात् राष्ट्रपति का अभिभाषण केवल लोकसभा में होता है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) सही है ।

B. केवल (II) सही है।

C. (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

D. न तो (I), न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) सही है ।

RajTest